**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2528**
**उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 01 अगस्त, 2022**
**10 श्रावण, 1944 (शक)**

## आगरा में एएसआई के स्मारकों में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम

**2528. श्री राजकुमार चाहर:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि फतेहपुर सीकरी सहित आगरा जिले के एएसआई स्मारकों में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम शुरू करने की मांग की गई है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम शुरू करने के लिए एएसआई के स्वयं या किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से क्या योजना और प्रस्ताव है;

(ग) क्या आगंतुकों को बेहतर अनुभव देने के लिए सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**
**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी, हां। जब कभी किसी राज्य सरकार से ऐसे प्रस्ताव प्राप्त होते हैं तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में कार्यक्रम की संस्थापना तथा संचालन में सहयोग के लिए सहायता तथा कार्य करता है।

(ग) से (ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियमित स्टाफ के माध्यम से स्मारकों का अनुरक्षण किया जाता है। जिन स्मारकों में ज्यादा संख्या में पर्यटक आते हैं वहां सफाई विशेषज्ञ एजेंसी के माध्यम से सफाई की जाती है। इसके अतिरिक्त, कुछ स्मारकों में पेयजल, शौचालय, जन-सुविधाएं, पथ, रैम्प, विभिन्न भाषाओं में संकेतक, अमानती घर, पुस्तक बिक्री काउंटर, शिशु देखभाल कक्ष आदि जैसी पर्यटक सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।